## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 13.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके दल की कल शुरू होगी वापसी यात्रा,.मंगलवार को पृथ्वी पर आएंगे, भारत से संबंधित किए सात प्रयोग।**

2. **पलामू किला का होगा जीर्णोद्धार, बेतला नेशनल पार्क में राजगीर मॉडल पर बनेगा टाइगर सफारी, मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा– पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध।**

3. **स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में जमशेदपुर और बुंडू को स्वच्छता के लिए मिलेगा अवार्ड, 17 जुलाई को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में मिलेगा सम्मान।**

4. **रामगढ़ जिले में प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन, दवाईयां बेचने वाले गिरोह का खुलासा , सात अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

5. **और राज्य में अलग– अलग जिलों में वज्रपात से 5 लोगों की मौत, एक घायल, लोहरदगा, सरायकेला और गिरिडीह की घटना, मौसम विभाग का भारी बारिश को लेकर अलर्ट ।**

*******************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं। वे इस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने आयोग के पदाधिकारियों के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान पेसा कानून, कृषि भूमि पर प्रस्तावित रिम्स–2 परियोजना तथा झारखंड में जनजातीय समाज से संबंधित भूमि मामलों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि आयोग ने राज्यपाल के समक्ष इस विषय को गंभीरता से रखा।

*******************

ऐतिहासिक पलामू किला का जीर्णोद्धार के साथ संरक्षण होगा साथ ही बेतला क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण कराया जाएगा। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रांची में अधिकारियों के साथ बैठक कर इन दोनों योजनाओं को लेकर कई निर्देश दिए। बैठक में झारखंड में पर्यटन और वन क्षेत्रों के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बेतला नेशनल पार्क में टाइगर सफारी के विकास के लिए राजगीर मॉडल को अपनाया जाएगा।इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 250 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार झारखंड के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

*******************

राज्य में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री, विधायक और सांसद के साथ प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी कल दिल्ली में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि इस दौरान सांगठनिक कार्यों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के आधिकारिक एक्स हैंडल को साइबर अपराधियों ने हैक कर लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे मामले की जानकारी दी । मुख्यमंत्री ने इस मामले में झारखंड पुलिस को संज्ञान लेते हुए जांच

कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद साइबर क्राइम ब्रांच की टीम पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

******************

झारखंड के दो शहर जमशेदपुर और बुंडू स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किये जायेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 का परिणाम 17 जुलाई को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित होगा। जिसमें जमशेदपुर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और बुंडू को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री के हाथों सम्मानित किया जायेगा। इसी दिन शहरों की स्वच्छता रैंकिंग भी जारी होगी।

******************

रामगढ़ जिले में नशे के कारोबारियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद किया गया। संवाददाता सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक .अजय कुमार ने बताया कि पुलिस आगे भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

******************

राज्य में वज्रपात की अलग – अलग घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हो गया। सरायकेला–खरसावां जिले के नीमडीह गांव में दो लोग और लोहरदगा के फुलसुरी गांव में एक महिला समेत दो की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। वहीं गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के सापामारंग गांव में भी ठनका की चपेट में आने से 11 साल के एक बच्चे की मौत हो गई ।प्रशासन ने मृतकों के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

******************

खूंटी जिले के अड़की प्रखंड स्थित नौढी गांव के गो–पालकों ने समस्याओं और सीमित संसाधनों के बीच भी सफलता की राह तलाश ली है। विस्तृत ब्यौरा दे रहीं हैं हमारी संवाददाता ।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 92 हजार दो सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 17 हजार रूपये है।

******************

देवघर श्रावणी मेला में वीआईपी, आउट आफ टर्न दर्शन और पूजा बंद रहेगी। उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को शीघ्र दर्शनाम की सुविधा श्रद्धालुओं को नहीं मिलेगी।

******************

खेलो झारखंड के तहत चल रहे रामगढ़ जिला मैदान में तीन दिवसीय प्रमंडल स्तरीय 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में धनबाद जिला की टीम बालक वर्ग के अंडर 17 में हजारीबाग जिले को 4––0 से हराकर चैंपियन बना। वहीं अंडर 15 बालक वर्ग में भी धनबाद ने गिरिडीह जिला को 3– 1 से पराजित किया। दूसरी ओर अंडर 17 बालिका वर्ग में हजारीबाग ने कोडरमा को 3—– 1 से पराजित किया।

******************

- पूर्वी सिंहभूम में आरपीएफ उड़नदस्ता दल ने विशेष गश्ती अभियान चलाते हुए टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक से नशाखुरानी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने दुमका, देवघर समेत जिले के आस पास के लिए कल से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है.

*******समाप्त***********